वर्ष - 35 ◆ अंक 65 ◆ www.skhnewstv.com ◆ 23 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ◆ पृष्ठ : 8 ◆ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS
R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)




अंदर के पेज
3 2551 वें अन्तरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क तैयार, टीमों का इन्तजार
4 मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप शॉर्ट मैसेज पर मातृशक्तियों की रक्षा करने पहुंचेगा : अपूर्वा शर्मा
5 सबका साथ, सबका विकास सरकार की प्राथमिकता:असीम अरुण
6 विश्वविद्यालय की प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग की जरूरत: राज्यपाल
7 राम नाम है महामंत्र एवं परम कल्याणकारी -डॉ रामकमल

## प्रधानमंत्री मोदी ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर के निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की

नई दिल्ली, 22 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



ने विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर परीक्षण, स्क्रीनिंग और निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, रोग का पता लगाने और उपचार के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडेन की इस विचारशील पहल की गहराई से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इंडो-पैसिफिक देशों में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में लंबा रास्ता तय करेगा।

उन्होंने कहा कि भारत देश में बड़े पैमाने पर सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी चला रहा है। भारत के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रयासों की बात करते हुए, उन्होंने उल्लेख किया कि देश ने सर्वाइकल कैंसर का टीका विकसित किया है और इस बीमारी के लिए एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है।

कैंसर मूनशॉट पहल में भारत के योगदान के रूप में प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत इंडो-पैसिफिक में कैंसर की रोकथाम के लिए रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ऋअश्क और दवअऊ कार्यक्रमों के तहत भारत से वैक्सीन की 40 मिलियन खुराक की आपूर्ति से इंडो-पैसिफिक देशों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लजब क्वाड कार्य करता है, तो यह केवल राष्ट्रों के लिए नहीं होता है, यह लोगों के लिए होता है और यही इसके मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का वास्तविक सार है।

भारत डबल्यूएचओ की डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल में अपने 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के माध्यम से कैंसर की जांच, देखभाल और निरंतरता के लिए डीपीआई पर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में इच्छुक देशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा।

कैंसर मूनशॉट पहल के माध्यम से क्वाड नेताओं ने इंडो-पैसिफिक देशों में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की देखभाल और उपचार पारिस्थितिकी तंत्र में अंतराल को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर एक संयुक्त कैंसर मूनशॉट फैक्ट शीट जारी की गई।

## हम किसी के खिलाफ नहीं, क्वाड हर संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है: प्रधानमंत्री मोदी

वॉशिंगटन, 22 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अमेरिका में क्वाड शिखर सम्मेलन में कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है। क्वाड के नेता नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में संघर्ष चल रहा है और क्वाड हर संघर्ष का शांतिपूर्ण सम्माधान चाहता है।

अमेरिका दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विलमिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और जापानी पीएम फोमियो किशिदा के साथ क्वाड समिट में शामिल हुए। इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्वाड की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में क्वाड के साथ मिलकर चलना पूरी मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

उन्होंने चीन का नाम लिए बिना कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है।

हमने मिलकर स्वास्थ्य, सुरक्षा, उभरती टेक्नोलॉजी और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहल की है। हम सभी (क्वाड सदस्य देश) नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।

क्वाड नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका की सराहना की है। हिंद महासागर में भारत की नेवी लगातार एक्टिव है। हूती विद्रोहियों से जहाजों की सुरक्षा से लेकर हाईजैक जहाजों को डाकुओं से छुड़ा कर भारत ने अपनी ताकत दिखाई है।

इस साल क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन पहले भारत में होने वाला था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन इस कार्यक्रम को अपने गृहनगर में आयोजित करने के इच्छुक थे।2007 में बनाया गया क्वाड सुरक्षा सहयोग संगठन है। इसका उद्देश्य हिंद और प्रशांत महासागर में शांति और सहयोग को बढ़ावा देना और चीन की विस्तारवादी नीतियों का प्रतिरोध करना है। इस संगठन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति बाइडेन से उनके होमस्टेट डेलावेयर स्थित आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान बाइडेन ने मोदी को गले लगाकर स्वागत किया। बाइडेन के आवास पर दोनों नेताओं के बीच निजी बातचीत हुई।

यह द्विपक्षीय 1 घंटे से ज्यादा समय तक चली।

## नेपाल की विदेश मंत्री ने कनाडा में पश्चिमी देशों से कहा- महिला अधिकार और सम्मान के बारे में हमसे ले प्रेरणा

काठमांडू, 21 सितंबर (हि.स.)। कनाडा में जारी विश्व भर के महिला विदेश मंत्रियो की बैठक में पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों ने जब यह कहा कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान को लेकर एशियाई देशों को हमसे सीखना चाहिए तो मंच पर बैठी नेपाल की विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों की विदेश मंत्रियों को आड़े हाथों लिया।

कनाडा की विदेश मंत्री ने टोरंटो में शुक्रवार और शनिवार को एक सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें दुनिया भर में जिन देशों में विदेश मंत्रालय का काम महिला के पास है ऐसे सभी विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विश्व राजनीति में महिला की भागीदारी को बढ़ाना और उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने को लेकर चर्चा करना था।

पश्चिमी देशों से आई महिला विदेश मंत्रियों ने कहा कि महिलाओं की राजनीति में भागीदारी का विषय हो या राजनीति में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने की बात हो यूरोप अमेरिका कनाडा ऑस्ट्रेलिया में बाकी एशियाई देशों की तुलना में स्थिति काफी बेहतर है। एशियाई देशों को उससे सीखना चाहिए। पश्चिमी देशों के द्वारा दिए गए इस तरह के बयान का नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा ने न सिर्फ खंडन किया बल्कि नसीहत देने वाली यूरोपीय सहित अन्य पश्चिमी देशों के विदेश मंत्रियों को सर्ववजनिक मंच से जवाब दिया।

शनिवार को इस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ राणा ने कहा कि वो एक छोटे से हिमालयी देश का प्रतिनिधित्व करती है और उन्हें गर्व है कि उनकी संस्कृति मे महिला को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। उन्होंने संस्कृत का श्लोक यत्र नारयस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता सुना कर कहा कि पश्चिम वाले की सोच आज तक वहां नहीं गई है जहां हमारे पूर्वज युगों पहले सोचा था।




सम्मेलन में नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा ने भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान जैसे देशों का उद्वाहरण देते हुए कहा कि इन सभी देशों में महिलाओं ने सत्ता का बागडोर सफलतापूर्वक संभाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरी दुनियां को महिला को अधिकार की बात का सबक सिखाने वाले बड़े बड़े देशों में आज आज तक कोई भी महिला सत्ता के शीर्ष स्थान तक नहीं पहुंच पाई। उन्होंने अमेरिका, चीन, रूस,कनाडा आदि देशों का नाम लेकर ही कहा कि इन देशों को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

नेपाल की विदेश मंत्री ने कहा कि यह बात सच है कि नेपाल में भी प्रमुख कार्यकारी स्थान पर आज तक महिला नहीं पहुंची है लेकिन राष्ट्रपति, स्पीकर और चीफ जस्टिस जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंची है। डा राणा ने कहा कि यह बात भी सच है कि महिलाओं को राजनीति में आने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है लेकिन यह समस्या सिर्फ एशियाई देशों में नहीं है बल्कि अमेरिका, चीन, रूस, कनाडा में भी है।

नेपाल की विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी देशों की महिलाएं या तो परिवार संभालती है, या राजनीति करती है या अपना दूसरा कैरियर संभालती है। एक संभालने पर वो बाकी नहीं संभाल पाती है। लेकिन एशियाई महिलाएं खास कर हिमालय और हिंद महासागर के बीच की जो महिलाएं हैं वो अपनी शादीशुदा जिंदगी भी संभालती है, परिवार और बच्चों को भी संभलती है, नौकरी पेशा जिंदगी भी बखूबी संभालती है, अपना कैरियर भी संवारती है और मौका मिलने पर इन सभी को संभालते हुए बहुत अच्छे से देश का राजपाट भी संभलती है।

## प्रसादम में पशु चर्बी: प्रायश्चित के लिए 11 दिन के उपवास पर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण

नई दिल्ली, 22 सितंबर



(हि.स.)। आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं फिल्म अभिनेता पवन कल्याण ने आज गुंटूर के श्री दशावतार वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा तपस्या शुरू की है। वह अगले 11 दिन व्रत रखेंगे और भगवान तिरुपति से क्षमा मांगेंगे।

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में उपयोग होने वाले घी में पशु वसा होने के चलते उन्होंने पिछली सरकार की गलतियों की क्षमा प्राप्ति के लिए यह तपस्या करने का फैसला किया है।

एक एक्स पोस्ट में उप मुख्यमंत्री कल्याण ने कहा कि हमारी संस्कृति, आस्था, विश्वास और श्रद्धा की धर्मधुरी श्री तिरुपति बालाजी धाम के प्रसाद में कुत्सित प्रयासों के तहत अपवित्रता का संचार करने की कोशिश की गई है। उससे वे व्यक्तिगत स्तर पर अत्यंत मर्माहत हैं और अंदर से अत्यंत छला गया महसूस कर रहे हैं। प्रभु वेंकटेश्वर से उनकी प्रार्थना है कि इस दु:ख के क्षण में समस्त सनातनियों को अपनी कृपा से सबलता प्रदान करें।

वे अभी इसी क्षण भगवन से क्षमा प्रार्थी हैं। इसके लिए प्रायश्चित दीक्षा हेतु वे प्रण सिद्ध कर रहे हैं और ग्यारह दिवसीय उपवास हेतु धर्म संकल्पित हो रहे हैं।

ग्यारह दिवसीय प्रायश्चित दीक्षा के बाद एक और दो अक्टूबर को वे तिरुपति जाकर प्रभु के साक्षात दर्शन कर क्षमा मांगेंगे, विनती करेंगे और तब भगवन के समक्ष उनकी प्रायश्चित दीक्षा की पूणार्हूति होगी।

## विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक सोमवार को तिरुपति में होगी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (हि.स.)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक सोमवार को तिरुपति में बुलाई गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने बताया कि आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के संतों की इस बैठक में हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों और उनके समाधानों पर मंथन किया जायेगा। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम् में मिलावट व उससे उत्पन्न स्थिति पर भी विचार होगा।

उन्होंने बताया कि विहिप का सर्वोच्च नीति निर्धारक मंच संतों का है, जिसमें केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों के संतों की भूमिका अग्रणी रहती है। इसकी वर्ष में दो बार बैठक होती है। इस बार से हमने अर्धवार्षिक बैठक क्षेत्रश: करने का निर्णय लिया है और इसकी पहली बैठक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना प्रांत के जो संत केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं। उनकी यह बैठक, तिरुपति में सोमवार को पूरे दिन चलेगी।

बागड़ा ने आगे बताया कि इस बैठक में हिंदू समाज के समक्ष विभिन्न चुनौतियों के बारे में चर्चा होगी और उनके समाधान के बारे में और मुख्यत: उन समाधानों में संतों की भूमिका के बारे में कुछ निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही तिरुपति बालाजी के मंदिर में प्रसादम् के विषय में जिस प्रकार की भ्रांतियां और चिंताजनक समाचार पूरे हिंदू समाज को बहुत व्यथित कर रहे हैं, उसके बारे में भी निश्चित रूप से चर्चा होगी। इस संबंध में संतों की भूमिका व उनके नेतृत्व में किस प्रकार का कार्यक्रम आगे किया जाए, इस विषय में भी चर्चा होने की संभावना है। कल इस बैठक में तिरुपति प्रसादम् के विषय में संतों द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने की भी संभावना है।

## अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 'सचिवालय कप 2024' का उद्घाटन

देहरादून, 22 सितंबर (हि.स.)। सचिवालय क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 'सचिवालय कप 2024' का



रविवार को महाराणा प्रताप क्रिकेट स्टेडियम में उद्घाटन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल, अति विशिष्ट अतिथि रायपुर विधायक उमेश कुमार शर्मा, मुख्यमंत्री सचिव शैलेश बगौली उपस्थित रहे।

मंत्री उनियाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सचिवालय क्रिकेट प्रतियोगिता विभागीय टीमों के लिए एक शानदार मंच है, जिससे खिलाड़ियों में आपसी सामंजस्य, सौहार्द और खेल भावना का विकास होता है। विधायक शर्मा ने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। क्लब के अध्यक्ष अनिल जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान आईटीबीपी पाइप बैंड एवं सांस्कृतिक विभाग ने शानदार प्रस्तुति दी।

उद्घाटन मैच हरिकेन एवं आबकारी विभाग के बीच खेला गया। टॉस जीतकर आबकारी विभाग ने कुल 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए। लक्ष्मण बिष्ट ने शानदार 25 रन बनाए। हरिकेन की ओर से अनुज चमोली ने 3 और विनोद शर्मा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरिकेन ने 15 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सुनील मेंदोला ने 29 और कपिल ने 27 रन बनाए। आबकारी की ओर से अंकित, आशीष और मधुर ने 1-1 विकेट लिया। फाइटर ऑफ द मैच लक्ष्मण और अपने शानदार खेल के लिए अनुज चमोली मैन ऑफ द मैच रहे। इस मौके पर क्लब की ओर से सचिव राजेंद्र रतूड़ी, उपाध्यक्ष टीएच खान, संयुक्त सचिव रवि रंसवाल, कोषाध्यक्ष अतुल परमार, मीडिया प्रभारी अनुज शेखर चमोली व अन्य उपस्थित रहे।

## कारोबारी से लूटपाट के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, 22 सितंबर (हि.स.)। विवेक विहार थाना पुलिस ने 20 सितंबर को कारोबारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में कारोबारी के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। दोनों कर्मचारियों ने ही अपने दोस्तों के साथ वारदात की साजिश रची और फिर लूट को अंजाम दिया।

पुलिस ने आरोपितों की पहचान पुष्पेंद्र, इब्राहिम, नदीम और अमर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई दो लाख 66 हजार रुपये की नकदी और चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपितों के एक अन्य साथी दीपक की तलाश में छापेमारी कर रही है

शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित माधव लाल सिंह अपने परिवार के साथ मकान नंबर एन-172, सेक्टर-12, नोएडा, उत्तर प्रदेश में रहता है। 19 सितम्बर को माधव लाल सिंह ने पुलिस को फोन अपने साथ लूट होने की सूचना दी। विवेक विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के बयान दर्ज किए। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी मानसरोवर पार्क इलाके में फैक्टरी है और वह फैक्टरी से काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था।

इसी दौरान साईं बाबा मंदिर कट के पास बाइक सवार तीन युवकों ने जबरन उसे रोका और पिस्तौल दिखाकर उसका पैसों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। बैग में 4,50,000 रुपये, स्कूटी की आरसी और प्रदूषण के दस्तावेज मौजूद थे। एसएचओ इंस्पेक्टर अफाक अहमद, एसआई सुमित पूनिया, एएसआई राजवर्धन की टीम ने घटनास्थल के पास लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की और उसका विश्लेषण करने पर दो संदिग्ध दिखाई दिए। संदिग्धों की पहचान पीड़ित की फैक्टरी में काम करने वाले पुष्पेंद्र और इब्राहिम के रूप में हुई।

फुटेज में इब्राहिम अपराध करने से पहले तीन संदिग्धों को लेकर फैक्टरी के पास घूमता दिखाई दे रहा था। इतना ही नहीं जांच में सामने आया कि फैक्टरी बंद करने के बाद, पुष्पेंद्र ने अचानक अपने मोबाइल से इब्राहिम और अन्य संदिग्धों के पास लूट को अंजाम देने का मैसज किया। पुलिस टीम ने सभी आरोपितों की पहचान के बाद उनके घर पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपित इब्राहिम ने बताया कि पुष्पेंद्र ने पीड़ित के पास पैसे होने की जानकारी दी थी। इसके बाद वारदात को अंजाम देने की साजिश रची गई। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूट के दो लाख 66 हजार रुपए और चोरी की स्कूटी बरामद की।

## ओ.टी.एस योजना के तहत 10 प्रतिशत कि छूट

मथुरा वृन्दावन नगर निगम महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए आज टैक्स कलेक्शन का एक कैंप वार्ड 60 जगन्नाथ पुरी पार्षद नीरज वशिष्ठ (कैबिनेट सदस्य ) के यहाँ वरिष्ठ नागरिक भवन में लगवाया गया।

महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि सितंबर में माह में ओ.टी.एस योजना के तहत 10 प्रतिशत कि छूट प्रदान की जा रही है। जिनके टैक्स के नोटिस में कोई त्रुटि आ गयी है उनका भी तुरंत सुधार कर टैक्स जमा कराया जा रहा है। इस तरह के कैंप प्रत्येक वार्ड में लगाये जा रहे हैं जिससे जो लोग निगम कार्यालय नहीं जा पा रहे हैं उनको उनके ही वार्ड में कैंप द्वारा सहूलियत मिल सके।

कैंप में करीब 12 लाख रुपए का टैक्स जमा किया गया।

कैंप आयोजन के लिये स्थानीय पार्षद नीरज वशिष्ठ और वरिष्ठ नागरिक भवन के सदस्यों द्वारा महापौर का पटुका और माला पहनाकर स्वागत किया गया।कैंप में नगर निगम टैक्स विभाग से जीशान, बलराम शर्मा, नितिन, पवन गोस्वामी, सचदेवा, संतोष, रविप्रकाश आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# वो हमारे लिए जोखिम उठाता

फिर जोखिम भरे कार्य ने एक युवक को मौत के घाट उतार दिया। विद्युत लाइनों की मरम्मत में कितने शमशान घाट दौड़ रहे, यह अगर मालूम हो जाए तो शायद हमारे घर बिजली ही न आए। बत्तीस वर्षीय उदय राम मंडी के द्रंग को रोशनी देते हुए ऐसी लापरवाही का शिकार हुआ, जिसमें बिजली बोर्ड की पद्धति गुनहगार है। मरने वाला सरकारी नौकर नहीं था, लेकिन आउटसोर्स की जिम्मेदारी में फर्ज निभा रहा था। काम करते हुए को किसने मारा, इसका जवाब विद्युत विभाग के ओहदेदारों को देना होगा, लेकिन इससे पूर्व जोखिम भरे कार्यों में संलिप्त लोगों की सुरक्षा के अति उच्च मानदंड बनाने होंगे। हमें चौबीस घंटे की चौकसी में कानून व्यवस्था का कोई सिपाही चाहिए। जलापूर्ति के लिए सुबह ही कोई फिटर स्रोत पर चाहिए। हमारे सफर को गति देते रात्रि भी बस सेवा का चालक-परिचालक चाहिए और विद्युत आपूर्ति के चौबीसों घंटे कोई न कोई कर्मचारी चाहिए, लेकिन समाज ने कभी सोचा कि हमारे लिए कौन जोखिम उठा रहा है। क्या कभी हमने पुलिस के सिपाही से पूछा कि खुले आसमान के नीचे वह कितने घंटे गुजारता है ताकि ट्रैफिक जाम न हो और कानून-व्यवस्था के हर इंतजाम में महकमा बदनाम न हो। कभी देखना वीआईपी ड्यूटी बजाते उसकी नसों में रक्त का कितना दबाव भरता है। नंगी तारों से खेलते लाइनमैन की हथेली के घाव देखना कि वहां हर जख्म की मयार्दा में हमारे घर का अंधेरा दूर होता है। जो लोग सर्दियों की जमीं हुई पाइपों से खींच कर हमारे घर तक पानी लाते हैं, उनकी ड्यूटी का कोहराम सुनना।

ऐसे में जबकि प्रदेश के सारे पुष्प नेताओं पर कुर्बान हैं, नीतियों से गुजारिश है कि वे जोखिम के लिए तत्पर रोजगार को एक सम्मानित व सुरक्षित आधार दें। जो रात को वाहन चलाते हुए हमें मीलों दूर मंजिल तक पहुंचाते हैं, उन्हें दिन में सुकून की नींद का उपचार चाहिए। इसी तरह पुलिस महकमे के हर दायित्व में एक सिपाही की प्रतिष्ठा, उसके ड्यूटी चार्ट व ड्यूटी के निर्धारित घंटों में मिलेगी। ऐसा नहीं कि जो लोग निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उनके जोखिम कम हैं, लेकिन सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में जब हर घर को और हर घर को बिजली का वादा करते हैं, तो वहां फिटर से लाइनमैन तक के साहसिक कार्य को सरकार का आश्वासन और कार्य पद्धति का सख्त अनुशासन चाहिए। विडंबना यह है कि समाज के स्वागत द्वार, मंच और अभिभाषण हमेशा नेताओं के आगे दंडवत होते हैं, लेकिन जिस माइक से कोई विशिष्ट अतिथि बोल पाता है उसके पीछे एक मुस्तैद कहानी का पात्र ह्यमिस्टर लाइनमैनह्ल होता है। मंडी से हम शुरूआत कर सकते हैं। बिजली की तारें मौत की तारें क्यों बनी, क्या इस बहस के अंजाम में सख्त कार्रवाई होगी। अंततः इस अभागे व्यक्ति का हमारी व्यवस्था में क्या मूल्य होगा। एक छोटा सा हजार्ना या जांच बैठाने का बहाना। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बिजली की नंगी तारों पर रोजगार को चुनना कितना साहसपूर्ण कार्य है। उदय राम के अभिभावक हर बल्ब में अपने बेटे का दायित्व समझते रहे होंगे। ऐसे प्रोफेशन में युवा शक्ति का साहस और दिलेरी देखी जा सकती है, लेकिन इन्हें सुरक्षित कवच देने में हमारी लापरवाही अकसर एक टीस-एक मातम दे जाती है। क्या हम उदय राम की मौत को एक बलिदान मानेंगे। क्या विद्युत बोर्ड ने अपने जोखिम उठाते कर्मचारियों को कोई विशेष रुतबा दिया। आखिर बिजली की तारों पर लटके कर्मचारियों के कारण तो बोर्ड को घाटा नहीं हुआ, अलबत्ता आर्थिक हानि के चक्र ने ऐसी कटौतियां व लापरवाही का आलम जरूर पैदा कर दिया, जहां कोई बदनसीब यदा कदा इसकी जद में आकर भगवान को प्यारा हो जाता है।

# देश की जरूरत है समान नागरिक संहिता और चुनाव-सुधार

गिरीश्वर मिश्र

ह्यगणह्ल समूह की इकाई का बोधक प्राचीन शब्द है। वह एक ऐसी इकाई जो सुपरिभाषित हो



और जिसका परिगणन संभव हो। गण ह्यसंघह्ल का पर्याय है और गणों का समूह भी। देवताओं में विघ्न विनाशक गणेश जी ह्यगणपतिह्ल के रूप में विख्यात हैं। अभी-अभी पूरे देश में उनकी वंदना का उत्सव मनाया गया। स्वयं गणपति तो सेकुलर हैं पर सेकुलर राजनीति उनको गैर-सेकुलर मानती है। भारत की संसद ने एक संविधान को अंगीकार किया जो सामाजिक विषमताओं और असमानताओं को दूर करने और नागरिक जीवन के विधिसम्मत संचालन की व्यवस्था करता है। उल्लेखनीय है कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता और बहुलता उस समय भी मौजूद थी जब संविधान बन रहा था। परंतु उस दौरान सब के बीच देश की एकता मुखर थी और उसके प्रति एकल प्रतिबद्धता थी देश को स्वतंत्रता मिली और ह्यस्वराजह्ल यानी अपने ऊपर अपना राज स्थापित करने का अवसर मिला।

स्वराज का भाव जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमने स्वतंत्रता का स्वाद तो चखा पर उसके साथ की जिम्मेदारी उठाने में कतराते गए। देश को देने की जगह क्या क्या पा लें इस चक्कर में भ्रष्टाचार, भेदभाव, द्वेष, संघर्ष तथा अवसरवादिता बढ़ने लगी। अब नैतिक मानकों से परे हट कर धनबल, बाहुबल और जाति बल के साथ दबंग-बल राजनीति में प्रभावी हो रहा है। बेरोजगारी और मंहगाई आम लोगों के लिए विकट समस्या है। अब लोकसभा और राज्यसभा में भी अभद्र व्यवहार बढ़ रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर निरंकुश अराजकता के चलते संसद न चले यह लोकतंत्र के लिए घातक है। देश और समाज की चिंताओं पर आज सत्ता की लालसा हावी हो रही है। राजनीति कमाऊ व्यवसाय का रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता को रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने की कोशिश की थी परंतु राजनीति आडंबरों में फँसती गई। देश और राष्ट्र की चिंता पृष्ठभूमि में जाती रही और हम भूल गए कि हम देश के ऋणी हैं। हमने उसे उपभोग की वस्तु बना दिया। पृथ्वी को मातृभूमि मान कर पुत्र की तरह उसकी सेवा सुश्रूषा और रक्षा करने की बात अटपटी लगने लगी। अपना हक जताते हुए हम दोहन करने लगे। पर 'नागरिक' होने का अर्थ सभी भारतीयों के लिए क्या हो इसे सवाल बनाया जा रहा है और सबके लिए एक नागरिक संहिता या यूसीसी को कुछ लोगों के नागरिक होने के अधिकार की स्वतंत्रता पर आघात के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नागरिक होने के नाते सभी भारतीय कुछ मूल अधिकारों को पाने और कुछ कर्तव्यों का पालन करने के अनिवार्य दायित्व से खुद ब खुद स्वाभाविक रूप से जुड़ जाते हैं। सामान्य जीवन निर्बाध रूप से चल सके इसके लिए एक देश में एक तरह के नागरिकता बोध को व्यवहार में लाना जरूरी है। गौरतलब है कि यूसीसी सेकुलर दृष्टि से सबको एक नागरिक का दर्जा देता है। समानता और समता के उद्देश्य को पाने के लिए यह एक निर्णायक कदम होगा।

चुनाव संसदीय प्रजातंत्र की हमारी बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था की एक बड़ी खूबी है जिसके सहारे आम जनता देश के शासन में अपनी भागीदारी महसूस करती है। सामान्यतः प्रदेश और देश के स्तर पर ये चुनाव पांच साल के अंतराल पर आयोजित होते हैं। आजादी मिलने के बाद दोनों साथ होते थे पर अब आज की स्थिति यह हो गई है कि इन चुनावों का केलेंडर अलग ही हुआ करता है । इन चुनावों के दौरान हो रही उठा-पटक के साथ पूरे देश का माहौल गमार्ता रहा है। चुनावी खेल का महोत्सव लगभग साल भर चलता ही रहता है और इसे देख देख जनता ऊब चुकी है और नेता गण भी थक जाते हैं । हर चुनाव कोई एक क्षणिक घटना न हो कर कुछ महीनों तक खिंचने वाली लम्बी प्रक्रिया होती है। इसमें न केवल राजनैतिक दल अपनी जोर आजमाइश करते हैं बल्कि चुनाव आयोग और सरकारी प्रशासन तंत्र को लम्बी चौड़ी व्यवस्था को भी चाक-चौबंद रखना पड़ता है। चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर हजारों करोड़ का खर्च बैठता है जिसका भार जनता ही उठाती है। सरकार भी राजनैतिक पार्टी से जुड़ी होती है इसलिए उसके काम बाधित होते हैं खास तौर पर आचार संहिता का ग्रहण लगने पर सब काम ठप हो जाता है। चुनावी दंगल का लगातार होते रहना पक्ष और प्रतिपक्ष किसी के भी हित में नहीं दिखता।

वस्तुतः निरंतर चल रहे चुनाव का खामियाजा देश में हर किसी को भुगतना पड़ता है। सरकारी काम का हर्जा तो होता ही है सरकारी खर्च बढ़ता है, महंगाई बढ़ती है और साथ में प्रशासनिक मुश्किलें भी बढ़ती हैं। परन्तु इन सबसे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है की सतत चुनाव के चलते राजनैतिक राग-द्वेष की सतत गूंज सामाजिक परिवेश को प्रदूषित करती है । राजनैतिक दल एक दूसरे पर सच्चे झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाने पर उतारू रहते हैं। मीडिया चुनावी घमासान में इस कदर मशगूल होता है कि और सारे मुद्दे धरे रह जाते हैं। चुनाव कहीं भी हो मीडिया का खटराग पूरे देश को जगाए रखता है। अपने -अपने पक्ष में सत्य रचने की कवायद देख-देख जनता बुरी तरह थकती जा रही है। पार्टियों की बढती प्रतिद्वंदिता के चलते प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच खतरनाक हद तक पहुँच जाते हैं। अपनी बढत के लिए कुछ भी करने पर लोग आमादा रहते हैं। लगातार बजती चुनावी घंटी बजते सुन आम आदमी की मुश्किलें कई तरह से बढ़ती हैं। थकान के बीच उसकी बढ़ती चुनावी उदासीनता प्रजातंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होगी। लोक सभा और प्रदेश की विधान सभाओं के चुनावों के अलग -अलग आयोजित होने का एक अनपेक्षित किन्तु देश के लिए निश्चित रूप से एक अहितकर परिणाम यह होता है कि स्थानीय मुद्दों और समग्र देश के लिए सोचने के बारे में अस्पष्टता रहती है। अतः राजनैतिक दलों को इस विकल्प पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए कि देश में लोकसभा और प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। इससे राजनीति में जन भागीदारी बढ़ेगी, चुनावी खर्च भी कम होगा और प्रशासनिक तंत्र के लिए भी सुविधा होगी। यह चुनावी बेहद सुधार जरूरी है। राजनीति में शुचिता लाए बिना देश की तरक्की को गति नहीं मिल सकती न ही जन कल्याण का वह स्वप्न ही पूरा हो सकेगा।

भारत का संविधान एक अद्भुत राष्ट्रीय दस्तावेज है जो अपनी विशालता और आन्तरिक संगठनात्मक परिपक्वता की दृष्टि से अन्य देशों के संविधानों की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित माना जाता है। यह संविधान सरकार को संचालित करने और देशवासियों को नागरिक की हैसियत से आचरण करने के लिए मुख्य नियामक के लिए नियामक है । इसके साथ चलते हुए देश ने अब तक सात दशकों की लम्बी यात्रा पूरी की है। उल्लेखनीय है कि देश की परिस्थितियों के लिए अनुकूल व्यवस्था बनाने के लिए संविधान में पिछले सात दशकों में अब तक सौ से ज्यादे संशोधन हो चुके हैं । बदलत्ती स्थितियों में नियम कानून में भी बदलाव जरूरी हो जाता है। मानवीय गरिमा , समानता और स्वतंत्रता के लक्ष्य पाने के लिए नैतिक सोच जरूरी है। ह्यदेश में ही जनता भी रहती है और राजनीति करने वाले भी । दोनों ही ह्यदेशह्ल की स्थिति को लेकर चिंतित रहते हैं और यह होना भी चाहिए। पर वास्तविकता कुछ और ही होती है। अलग अलग राय देते हुए भी सभी राजनीतिक दल देश के हित की दुहाई देते नहीं अघाते। हमारे माननीय जन प्रतिनिधियों पर बड़ी जिम्मेदारी है की छद्म आचरण छोड़ कर जनता के भरोसे का आदार करें और देशहित को आगे रखेंगे। देश के रहने या होने पर ही सभी हैं और सब कुछ है। अनपढ़ भारतीय के भी मं के किसी कोने में यह विश्वास जीवित है कि राजनीति स्वभाव से ही लोक हित के लिए समर्पित होती है ( या होनी चाहिए )। इस हिसाब से राजनेता जनता का हिस्सा होता है, ऐसा हिस्सा जो जनता का हित साध सके। आशा है नेतागण इस भरोसे को नहीं तोड़ेंगे और जनहित में फैसले लेंगे। अंतत देश की उन्नति से ही उनका भी भला होगा।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

वृष : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

सिंह : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

कन्या : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

तुला : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

धनु : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

मकर : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

कुंभ : सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

मीन : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से: सार्थक फिल्मों की पहचान थे बिमल राय

अजय कुमार शर्मा

बिमल राय ने अपने सिनेमा का आधार उन सामाजिक सरोकारों को बनाया जो उस समय देश की उन्नति के लिए आवश्यक थे। उन्होंने अपनी हर फिल्म में समाज के किसी न किसी मुद्दे को जोरदार तरीके से सामने रखा। बिमल राय उस दौर के सिनेमाकारों में रहे जिनका समाज के साथ गहरा रिश्ता था और यही रिश्ता उनकी फिल्मों के माध्यम से परदे पर नजर आता था। बिमल राय ने अपना कैरियर कलकत्ता की प्रतिष्ठित फिल्म कंपनी न्यू थियेटर्स में सहायक कैमरामैन के रूप में शुरू किया था। पी. सी. बरुआ के निर्देशन में 1937 में बनी न्यू थिएटर्स की फिल्म मुक्ति में वे मुख्य कैमरामैन बने। 1944 में आई बांग्ला फिल्म उदय पाथे से उन्होंने निर्देशन आरंभ किया। इसकी पटकथा भी उन्होंने ही लिखी थी।

1947 में हुए विभाजन के कारण बंगाल का पूर्वी हिस्सा पाकिस्तान में चला गया इसके कारण बांग्ला फिल्म उद्योग को काफी झटका लगा। बदली हुई स्थिति के कारण न्यू थियेटर्स की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हुई और लोगों को वेतन मिलना भी बंद हो गया। मजबूरन बिमल राय को बंबई आना पड़ा। बंबई आने में उनका सहयोग दिया उनके मित्र हितेन चौधरी ने जो उन दिनों बॉम्बे टॉकीज में काम किया करते थे। चौधरी ने उन्हें अशोक कुमार से मिलवाया और पहली मुलाकात में अशोक कुमार उनकी विशिष्ठता समझ गए और उन्हें बॉम्बे टॉकीज की फिल्म मां का निर्देशन करने का मौका दे दिया।

बिमल राय ने तब अपने चार सहयोगियों को भी कलकत्ता से अपने पास बुला लिया। यह सहयोगी थे ऋषिकेश मुखर्जी, असित सेन, नवेंदु घोष और पॉल महेंद्र। ऋषिकेश मुखर्जी संपादक और सहायक निर्देशक थे। असित सेन अभिनय के साथ ही निर्देशन में भी सहयोग करते थे। नवेंदु घोष पटकथा लेखन में और पॉल महेंद्र संवाद लेखक थे। मां के बाद अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज से अलग हो गए और अपना प्रोडक्शन हाउस खोला। उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म परिणीता का निर्देशन उन्होंने बिमल राय को ही सौंपा। बिमल राय बहुत ही संकोची और कम बोलने वाले निर्देशक थे। इस कारण फिल्मों में बहुत सारी चीजें वह अपने मन मुताबिक नहीं कर पाते थे। अपने मन मुताबिक काम करने के लिए उन्होंने हिम्मत करके अपना प्रोडक्शन हाउस बिमल राय प्रोडक्शन खोला और उसके अंतर्गत पहली फिल्म दो बीघा जमीन बनाने का निर्णय लिया। सलील चौधरी की कहानी रिक्शावाला पर आधारित इस फिल्म की भारत सहित पूरे विश्व में व्यापक चर्चा हुई और खूब मान सम्मान मिला। बलराज साहनी द्वारा निभाया गया किसान शंभू महतो का किरदार अपने आप में खुद मिसाल बन गया। फिल्म ने भारतीय फिल्म समाज को प्रभावित किया और इस तरह की फिल्म बनाने को प्रेरित किया इसमें सत्यजित राय का भी नाम लिया जाता है।

2 जनवरी 1953 को मुंबई के मेट्रो सिनेमा में यह फिल्म रिलीज हुई थी।

इससे पहले 1 जनवरी को फिल्म का प्रीमियर किया गया था। इसमें पूरा फिल्म उद्योग उपस्थित था राज कपूर, मीना कुमारी नरगिस, दिलीप कुमार, बीआर चोपड़ा और देवानंद आदि। राज कपूर ने फिल्म देखकर कहा था काश, ऐसी कोई यथार्थवादी फिल्म मैं भी बना पाता। फिल्म को उसी वर्ष यानी 1954 में शुरू हुए फिल्मफेयर अवार्ड में बिमल राय को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का और फिल्म को सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार दिया गया। फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। फिल्म ने कान और कालोर्वी वेरी जैसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भी पुरस्कार पाए।

इसके बाद तो परख, बंदिनी, मधुमति और सुजाता आदि एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्माण और निर्देशन उन्होंने किया। सिनेमा में सामाजिक रंगों को दिखाने वाले इस पुरोधा के बारे में वैजयंती माला कहती हैं, "बिमल दा का सिनेमा समाज में रचता और बसता था। यही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी।"

भारतीय समाज को सच्चे स्वरूप में परदे पर प्रस्तुत करने वाला यह समर्थ फिल्मकार बहुत जल्दी मात्र 55 वर्ष की आयु में 8 जनवरी 1964 को हम सबको अलविदा कह गया।

चलते चलते

बिमल राय ने अपनी फिल्मों में देवदास को सबसे चुनौती भरी फिल्म माना क्योंकि यह फिल्म इससे पहले दो बार बन चुकी थी और दोनों बार हिट रही। जब उन्होंने देवदास बनाने का फैसला किया तो दिलीप कुमार बहुत आशंकित थे।

दिलीप कुमार को देवदास की भूमिका देने के बाद उन्होंने चंद्रमुखी के लिए नरगिस और पारो के लिए मीना कुमारी से संपर्क किया। नरगिस और मीना कुमारी ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया था। जब मीना कुमारी ने पारो की भूमिका करने से मना कर दिया तो नरगिस ने भी अपना नाम वापस ले लिया और ऐसा लगा कि देवदास बनाने की बिमल राय की उम्मीद पूरी नहीं होगी। बहरहाल, उन्होंने हार नहीं मानी और सुचित्रा सेन व वैजयंती माला को लेकर देवदास बनाई तो इस फिल्म ने सफलता के झंडे गाड़ दिए। कहा जाता है कि नरगिस ने इस फिल्म में काम न करने को अपनी भूल माना लेकिन देवदास से बिमल राय सफलता का इतिहास रच गए।

# डिजिटल वॉर से सकते में दुनिया

ऋतुपर्ण दवे

संचार क्रांति के दौर में चौतरफा और रोजाना नित नई तकनीकों से दुनिया रू-ब-रू हो रही है। मोबाइल, जीपीएस,



इण्टरनेट, बिना ड्राइवर की गाड़ियों से लेकर अब कृत्रिम मेधा यानी एआई (आर्टीफीसियल इण्टेलीजेन्स) के युग में 1950 के जमाने में न्यूयॉर्क से निकले पेजर, 74 वर्षों के बाद पहली बार और एक साथ सीरियल ब्लास्ट में तब्दील हो जाएंगे, भला किसने सोचा था? रेडियो फ्रिक्वेंसी पर चलने वाले पेजर का क्रेज अब न के बराबर है। लेकिन किसी पकड़ या सुराग के लिहाज से बेहद सुरक्षित पेजर का उपयोग आतंकी गतिविधियों में जरूर थोक में होने लगा। इसमें न जीपीएस होता है और न ही कोई आईपी एड्रेस, इसलिए लोकेशन ट्रेस का सवाल ही नहीं। इसका नंबर भी बदला जा सकता है। इसीलिए इसका पता लगाना आसान नहीं होता। बस इसी चलते एक बड़ी साजिश को अंजाम देकर बड़े षड्यंत्र के तहत 9/11 जैसी बल्कि उससे भी बहुत बड़े दायरे में लेबनान में हर वो शख्स विस्फोट का शिकार हुआ जो साजिश का पेजर रखे था।

चिन्ता की बात यह कि मामला पेजर तक नहीं रुका बल्कि रेडियो वॉकीटॉकी जैसे दूसरी कम्युनिकेशन डिवाइस यहां तक कि घरों में लगे सोलर सिस्टम भी फटने की बातें सामने आईं। धमाकों का शक इजराइल पर जताया जा रहा है। इन विस्फोटों को लेकर पूरी दुनिया हैरान है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव और बढ़ गया है। पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध के खतरे की स्थिति बन चुकी है। वायरलेस उपकरणों में सीरियल विस्फोटों के बाद कई घरों, दुकानों, बाइक और दूसरे वाहनों में भी आग लग गई। एक तरह से पूरा क्षेत्र विस्फोटों की जद में आ गया। वहां अब लोग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को लेकर डरे हुए हैं।

हर कोई हैरान है कि पेजर जैसा साधारण उपकरण बम में कैसे बदल गया? इसको लेकर पुख्ता तौर पर तो अभी किसी तरह की सच्चाई सामने नहीं है लेकिन विस्फोट को लेकर तरह-तरह के कयास जरूर हैं। संभावनाओं में पेजर में लगी लीथियम बैटरी शक में है जो अत्यधिक गर्म होने पर फट सकती है। लेकिन इस थ्योरी पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है। वहीं, दूसरी दमदार संभावना साजिश के पेजरों को बनाने के वक्त ही इनमें विस्फोटक छुपाने की है जिससे सप्लायर अन्जान हो? यकीनन साजिश बहुत बड़ी रही जिसको लेकर किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

बैटरियों में खराबी या गुणवत्ता की कमी के चलते मोबाइल में विस्फोट तो हो जाते हैं लेकिन एक तयशुदा वक्त पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आधारित छोटे से उपकरण में सीरियल ब्लास्ट का ट्रिगर दबना-दबाना, हैरान कर रहा है। क्या किसी कोडिंग से ऐसा हो पाया? या वजह कुछ और है? ऐसी तमाम बातों की पर्तों को खुलने में वक्त लगेगा। आखिर ऐसी कौन सी रासायनिक श्रृंखला प्रतिक्रिया को अंजाम दिया गया जो अलग-अलग और काफी दूर-दूर तक ट्रिगर में बदल गई?

हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया? फिलहाल केवल कयास हैं। रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन-सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुईं और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपाने की संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरी जरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधने लगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित?

कभी लिंक क्लिक करने से खाते खाली होना तो कभी हैक हो जाना, कभी क्लोनिंग के जरिए पूरा डेटा चुरा लेने जैसी घटनाओं को लेकर दुनिया भर में सायबर सिक्योरिटी पर न केवल जोर है बल्कि पूरी गंभीरता है। इसी बीच इतना बड़ा डिजिटल अटैक बहुत बड़ी चुनौती है। इस घटना को चाहे जो नाम दें, दो देशों की दुश्मनी या दुनिया में अशांति का जिम्मेदार बताएं लेकिन इसने संचार क्रान्ति के दौर में बड़े दुरुपयोग का बहुत ही बड़ा मैसेज जरूर दे दिया। युध्द की नई तकनीक रूपी पेजर अटैक ने दुनिया भर के कम्युनिकेशन सिस्टम को बहुत बड़ी चुनौती दे डाली। छोटा सा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिसे बीपर भी कहते हैं, इतना खतरनाक..! बेहद हैरानी वाली बात है।

अब इसे इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कहें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल का इस्तेमाल या कुछ भी, रेडियो वेव से चलने वाले हजारों पेजर्स फिर वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में थोक में हुए विस्फोट संचार क्रान्ति के लिए बड़ी चुनौती जरूर हैं। ऐसी घटनाओं की सूचनाएं कब कहां से आने लगे इसका भी डर है। दुनिया भर में घर-घर उपयोग हो रहे तमाम इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स वजह-बेवजह शक के दायरे में आ गए। यह नई चुनौती मुंह बाए एकाएक आ खड़ी हुई। क्या पता आगे ऐसे गैजेट्स को बनाने की चंद देशों की हुनरमंदी और बदनीयती दुनिया भर में नई तबाही का कारण भी बनें? भगवान करे आगे ऐसा न हो। सच में दुनिया उस मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहां समूची मानवता पर मंडरा रहे इस खतरे से बचाव खातिर तुरंत सुरक्षित रास्ते तलाशने ही होंगे।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# विश्व अल्जाइमर दिवस : एक प्रगतिशील न्यूरोडिजेनेरेटिव बीमारी

प्रयागराज, 22 सितम्बर (हि.स.)। एनसीआर के केंद्रीय अस्पताल में रविवार को विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम, ‌‌हडिमेंशिया पर कार्य करने का समय, अल्जाइमर पर कार्य करने का समयह्न पर डॉ. मृत्युंजय कुमार ने अल्जाइमर रोग पर चर्चा करते हुए बताया कि यह एक प्रगतिशील न्यूरोडिजेनेरेटिव बीमारी है। जिसमें मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस जो स्मृति और स्थानिक जागरूकता से जुड़ा होता है, सबसे पहले क्षतिग्रस्त होता है।

उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, मस्तिष्क के अन्य हिस्से भी प्रभावित होते हैं। जिससे रोगी की दैनिक जीवन की गतिविधियों में स्वतंत्रता कम होती जाती है।

प्रारम्भिक लक्षणों में साधारण भूलने की घटनाएं शामिल होती हैं, जो समय के साथ अधिक गंभीर हो जाती हैं और रोगी की भाषा, ध्यान, और समस्या-समाधान क्षमता भी प्रभावित होती है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में अल्जाइमर का कोई स्थायी इलाज उपलब्ध नहीं है। हालांकि, डोनेपेजिल, रिवास्टिग्माइन और मेमन्टाइन जैसी दवाओं के माध्यम से लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं न्यूरोट्रांसमीटर असंतुलन को सुधारने में मदद करती हैं, हालांकि ये रोग की प्रगति को रोकने में पूरी तरह सक्षम नहीं हैं।

रोकथाम के संदर्भ में उन्होंने मस्तिष्क की सक्रियता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। पहेलियां हल करना, संगीत सुनना और योग जैसी गतिविधियां मस्तिष्क की प्लास्टिसिटी को बनाए रखने में सहायक हो सकती हैं। सामाजिक सम्पर्क और मानसिक रूप से उत्तेजक गतिविधियां भी रोग की प्रगति को धीमा करने में मदद कर सकती हैं।

उन्होंने बायोमार्कर्स, जैसे पीईटी स्कैन और सीएसएफ विश्लेषण के उपयोग से अल्जाइमर के प्रारम्भिक निदान की क्षमता पर चर्चा की। साथ ही, जीन आधारित परीक्षण से जोखिम का पूवार्नुमान सम्भव है। भविष्य में जीनोम एडिटिंग और इम्यूनोथेरपी जैसे उन्नत उपचार विकल्पों से इस बीमारी के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद जताई गई।

इसके बाद डॉ. कल्पना मिश्रा ने देखभाल कताओं के मानसिक और सामाजिक समर्थन की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों की देखभाल में देखभाल कताओं का समर्पण अत्यंत आवश्यक है और समाज को उनके समर्थन में कार्य करना चाहिए। डॉ. रोहित कुमार ने भी देखभाल कताओं के समर्पण को प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य फार्मासिस्ट राजकुमार, मुख्य नर्सिंग अधीक्षिकाएं मोडेस्टा सीता और सुमंती तथा स्वास्थ्य शिक्षक श्रवण का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से यह कार्यक्रम न केवल अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश का प्रसार भी किया।



# मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप शॉर्ट मैसेज पर मातृशक्तियों की रक्षा करने पहुंचेगा : अपूर्वा शर्मा

मुरादाबाद, 22 सितम्बर (हि.स.)। मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप की ओर से रविवार को द्वितीय संस्कारशाला का पंचायत भवन सभागार में आयोजन किया गया। संस्कारशाला का उद्देश्य मुरादाबाद में चरित्र और नैतिकता की रक्षा के साथ-साथ बेटियों में हिंसक और दुष्कर्मो की घटनाओं में आत्मरक्षा के भाव जागृत करना था। वक्ताओं ने कहा कि मुरादाबाद जनपद में किसी भी मातृशक्ति की साथ किसी भी घटना की सूचना मिलती है तो मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप शॉर्ट मैसेज पर वहां पहुंचेगा और उनकी रक्षा करेगा, पीड़िता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा होगा।

मुरादाबाद महानगर में लड़कियों के लिए अलग-अलग स्थानों पर पांच जिम सेंटर का संचालन कर रही जिम ट्रेनर अपूर्वा शर्मा ने कहा कि विगत कुछ महीने पूर्व पश्चिमी बंगाल सहित देश , प्रदेश और जनपद मुरादाबाद में भी महिलाओं के प्रति अनेक दुष्चरित की घटनाओं ने मानवता को झकझोर दिया। इससे महिलाएं और बेटियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गयी।

अपूर्वा शर्मा ने आगे बताया मुरादाबाद के विभिन्न समाजिक संगठनों ने मुरादाबाद महानगर ही नहीं जनपद में पुनः महिलाओं के साथ कोई वारदात न हो इस आशय से मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप बनाया। आज द्वितीय संस्कारशाला आयोजित की हैं ताकि महानगर सहित जनपद मुरादाबाद में चरित्र और नैतिकता की रक्षा का आवरण आच्छादित हो।

संस्कारशाला में कौशल्या इंटर कालेज, बल्देव कन्या इंटर कालेज, मैथोडिस्ट सटंकालेज, प्रताप सिंह कन्या इंटर कॉलेज और प्रभा देवी कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने भाग लिया। संचालन गरिमा सिंह ने किया।

इस अवसर पर जिम ट्रेनर अपूर्वा शर्मा, सरदार गुरुविंदर सिंह, रमेश आर्य, कपिल कुमार, रवि यदुवंशी, धवल दीक्षित, गीतांजलि पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।




# भदोही से चल कर जौनपुर पहुँची साइकिल यात्रा

भदोही, 22 सितंबर (हि.स.)। भदोही का साइकिलिंग क्लब अब पर्यावरण और स्वास्थ्य को लेकर काम कर रहा है। तीन सालों से यह क्लब साइकिलिंग यात्रा कर लोगों को जागरूक करता रहा। साइकिलिंग यात्रा समाज पर सकारात्मक असर डालती है, इसके लिए साइकिलिंग रैली का आयोजन किया गया।

रविवार को यह साइकिलिंग रैली भदोही से चल कर जौनपुर के रामपुर पहुँची।

रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोपीगंज से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में साइकिलिंग रेल का शुभारम्भ हुआ। यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एसएस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर गोपीगंज बड़ा चौराहा, सोनखरी, थानीपुर, इब्राहिमपुर, ज्ञानपुर, हॉस्टल चौराहा, देवनाथपुर, नेशनल तिराहा, अजीमुल्ला चौराहा, मर्यादपट्टी, पिपरी, दुर्जनपुर, याकूबपुर होते हुए जौनपुर जनपद में प्रवेश करके कोदैला गाँव में पहुंची। यात्रा में 30 किमी से अधिक का सफर तय हुआ। वापसी को लेकर यह यात्रा 60 किमी का रास्ता तय किया।

साइकिल यात्रा में बेचन सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, घनश्याम दुबे,अनिल दुबे, सभाजीत दुबे, मुकेश कुमार, विजय कुमार, मैनेजर दुबे, रामाशंकर यादव, सभाजीत यादव, शमार्जीत यादव, देवेंद्र कुमार, रंग बहादुर, रिखिराज, राकेश सिंह, अशोक कुमार समेत सौ के करीब साइकिल सवार शामिल हुए।

# गोंडा-लखनऊ मुख्य मार्ग रामनगर चौराहे पर जाम की समस्या से लोग परेशान

बाराबंकी 22 सितम्बर (हि.स.)। रामनगर मुख्य हाइवे पर जाम की समस्या बनी हुई है। पहले यहां एक टीएसआई की तैनाती हुई थी तो जाम की समस्या खत्म हुई थी, मगर उसे हटाने के बाद फिर से जाम लगने लगा है।

बहराइच हाइवे के रामनगर चौराहे पर यातायात सुचारु रूप से चलाने व जाम की स्थिति न आए इसके लिए पुलिस कप्तान ने एक टी एस आई, एक ट्रैफिक सिपाही व एक गार्ड तैनात किया था मगर उन्हे हटा देने से रामनगर चौराहे पर फिर जाम लगना शुरू हो गया है। यातायात व्यवस्था भी उलझ गई है।

रामनगर चौराहे पर जाम न लगे उसके लिए टी एस आई मधुसूदन सिंह व उनके साथ एक सिपाही व गार्ड लगाया गया था। जब तक तीनों रहे चौराहे पर जाम खत्म हो गया था और यातायात सुगम हो गया था। यही नही प्राइवेट डबल डेकर बसें, ओवर लोड वैन व अन्य सवारी गाड़ी वाले भी डरते थे कि उन्होंने गलती की तो चालान हो जाएगा। प्राइवेट डबल डेकर बसों के खिलाफ तो कई बार अभियान चला और कई बसों का चालान हुआ।

सख्ती से रामनगर चौराहे की यातायात व्यवस्था सुधर गई थी। मगर अचानक टी आई बाराबंकी ने यह कह कर टी एस आई को हटा दिया कि पुलिस कप्तान ने कहा है।

उनके जाने पर अब रामनगर चौराहे पर खूब जाम लग रहा है व ओवर लोड प्राइवेट सवारी गाड़िया भी निकल रही है। कोई रोकने वाला नहीं है। चौराहे के लोग कह रहे है कि यहां ट्रैफिक दरोगा की जरूरत है, तैनाती की जाए।

थाना प्रभारी रामनगर रत्नेश कुमार पांडे ने बताया की पुलिस अधीक्षक से बात कर कर यहां पर ट्रैफिक पुलिस सब इंस्पेक्टर की व्यवस्था कराई जाएगी। कांस्टेबल व होमगार्ड लगे हुए हैं।

# शिक्षक देश की नौजवान पीढ़ी को आर्किटेक्ट के रूप में दिशा देते हैं: सोमेंद्र तोमर

गाजियाबाद, 22 सितंबर (हि.स.)। शिक्षकों के अमूल्य योगदान की वास्तविक सराहना करते हुए, रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद हेरिटेज और रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद हिंडन ने द गुरुकुलम स्कूल, गाज़ियाबाद में गुरु वंदनम समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की निस्वार्थ सेवा को मान्यता दी, जो अनगिनत युवा मनों के भविष्य को आकार देते हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर थे। उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि सोमेंद्र तोमर ने शिक्षक की भूमिका को देश के भविष्य के आर्किटेक्ट के रूप में दिशा देने की है।

समारोह में अनेक शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने छात्रों के जीवन पर गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ा है। यह समारोह केवल सम्मान का अवसर नहीं था, बल्कि मनोरंजन का भी था, जिसमें स्टैंड-अप कॉमेडी ने सभी उपस्थित लोगों को हंसाया।

कार्यक्रम में प्रशांत राज और मुक्त शर्मा,सीडीओ अभिषेक गोपाल, सुभाष गुप्ता, राजेश बंसल, सुधीर पाठक और सीमा गर्ग शामिल थे।

# तालाब में नहाने गए दो मासूम की डूबने से हुई मौत

जालौन, 22 सितंबर (हि.स.)। जालौन में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर जालौन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खी बाल में बने तालाब में चूखीबाल मोहल्ले का निवासी सोहिल उर्फ कल्लू 10 वर्ष और अकरम उर्फ नाजिर अली उम्र करीब 11 वर्ष अपने दो अन्य साथियों के साथ मोहल्ले के ही चुखीबाल में बने तालाब में नहाने गया था। जैसे ही नहाते नहाते हुए गहरे तालाब में चले गए और डूब गए। चारों किशोर को तालाब में डूबता देख आसपास के लोगों ने छलांग लगाते हुए डूब रहे किशोर को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अकरम उर्फ नजीर तथा सोहिल उर्फ कल्लू को मृत घोषित कर दिया।

वहीं चिकित्सकों ने दो की हालत नाजुक होने पर उनका प्रथम उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही जालौन कोतवाली के सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार पटेल के साथ मौके पर पहुंचे।

जिन्होंने मामले की जांच करने के बाद मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ की इस घटना की जांच शुरू कर दी, वहीं इस हादसे के बाद मृतकों की परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# शिकार करने निकला गुलदार पिजंरे में फंसा, गुलदार को देखने ग्रामीणों की लगी भीड़

बिजनौर, 22 सितम्बर ( हि.स.)` आज रविवार की सवेरे गौवंश का शिकार करने पहुंचा गुलदार पिंजरे में फंस गया, जिसकी सूचना क्षेत्र में फैलने के बाद आसपास के ग्रामीणों का हजूम गुलदार को देखने के लिए उमड़ पडा`

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के विकास खण्ड इस्माइलपुर का है जहाँ काफी दिनों से गुलदार द्वारा पालतू पशुओं व जानवरों को शिकार बनाया जा रहा था किसानों ने भय के कारण खेतों में जाना बन्द कर दिया था जिसके बाद वन विभाग ने गौशाला के पास पिजंरा लगा दिया था जिसमें गुलदार आकर फंस गया` सूचना पर पहुंचीं वन विभाग की टीम गुलदार को अपने साथ ले गई` ग्राम प्रधान इस्माइलपुर का कहना है कि इस क्षेत्र में एक से अधिक गुलदार कई दिनों से देखें जा रहे है उन्होंने वन विभाग से मांग की कि क्षेत्र में और पिंजरे लगाये जाने चाहिए` गुलदारों की उपस्थिति होने की प्रबल सम्भावना है` गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा एक माह के अन्दर लगभग नौ गुलदार बन्दी बनाये जा चुके हैं।

# मैराथन एवं वाकथान में अफसर और कर्मचारी दौड़े, दिया स्वच्छता का संदेश

वाराणसी, 22 सितम्बर (हि.स.)। ह्यस्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताह्य अभियान के अंतर्गत रविवार को बनारस रेल इंजन कारखाना परिवार सड़क पर उतर आया। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुब्रतो नाथ के देखरेख में बरेका खेल कूद संघ के जागरूकता कार्यक्रम में आयोजित मैराथन, साइकिलोथान एवं वाकथान में कर्मचारियों और अफसरों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। महाप्रबन् धक एस. के. श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा बरेका महिला कल याण संगठन गौरी श्रीवास्तव ने गोल्फ कोर्स ग्राउंड गेट से साइकिलोथान, मैराथन एवं वाकथान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिलोथान और मैराथन का मार्ग गोल्फ कोर्स गेट, रेल सुरक्षा बल चेक पोस्ट, सूर्य सरोवर, इंटरमीडिएट कॉलेज चौराहा, नाथूपुर, प्रशासन भवन रेलवे क्रासिंग, बरेका स्टेडियम गेट से होकर गुजरा। वाकथान का मार्ग गोल्फ कोर्स गेट से आर.पी.एफ. चेक पोस्ट, कुंदन तिराहा, रेलवे आवास होते हुए सिनेमा हॉल तिराहा, केंद्रीय चिकित्सालय, बरेका स्टेडियम गेट पर समाप्त हुआ। महाप्रबंधक ने आयोजन में साइकिलिंग, मैराथन दौड़ एवं पद यात्रा करने वाले रेल कर्मियों, अधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

# बांग्लादेश में मारे गए हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए निकाली पदयात्रा

वाराणसी, 22 सितम्बर (हि.स.)। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकताओं ने रविवार को कैंट रेलवे स्टेशन से सिगरा स्थित भारत माता मंदिर तक जबरदस्ती अगवा कर उनके साथ दुराचार, धमका कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।

बांग्लादेश में भारत विरोधी मार्च उपद्रवियों द्वारा निकालकर साथ अत्याचार होता है तो पूरा विश्व उसके खिलाफ आवाज उठाता है परंतु बांग्लादेश या पाकिस्तान जैसे देशों में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ




बांग्लादेश में मारे गए हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए पदयात्रा की। सेव हिंदुज मार्च में कार्यकताओं ने भारत माता मंदिर परिसर में कैंडल जला कर मारे गए हिन्दुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंदुओं की हत्याओं के साथ ही हिंदू लड़कियों को स्कूलों में हिंदुओं को डराया, धमकाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। वहां नौकरी पेशा हिंदुओं को त्यागपत्र देने या धर्म बदलने के लिए विवश किया जा रहा है। आरोप लगाया कि आतंकवादी संगठनों से पोषित कठपुतली सरकार की मंशा पर सवालिया निशान है, जबकि मानवाधिकार संगठनों का मौन अखर रहा है।

जब विश्व के किसी भी कोने में किसी अल्पसंख्यक के अत्याचार होता है। कोई भी देश उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाता।

परिषद की भारत सरकार से अपील है कि त्वरित कार्रवाई कर बांग्लादेशी पीड़ित हिंदुओं की जान-माल और मंदिरों की रक्षा करे। कार्यक्रम में स्वामी कन्हैया महाराज, कृष्णा पांडेय, गौरव राय, एस.एन राय, रामासरे गुप्ता, संजय राय, विशाल गुप्ता, अनिल राय आदि शामिल रहे।

# पुलिस की गालीगलौज से क्षुब्ध भाजपा नेता ने लगाई फांसी, हालत गंभीर, कानपुर रेफर

## भाजपा कार्यकताओं ने एएसपी आवास का घेराव कर कोतवाल पर की कार्रवाई की मांग

फतेहपुर, 22 सितंबर (हि.स.)। जिले में भाजपा नेता व नर्सिंग होम संचालक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर सदर कोतवाल पर गाली गलौज व अभद्रता करने तथा जेल भेज देने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए। फिर देर



रात अपने नर्सिंग होम पहुंच कर फांसी लगा ली। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने कानपुर रेफर कर दिया है। सुबह यह खबर भाजपा कार्यकताओं तक पहुँची तो आक्रोशित भाजपा कार्यकताओं ने अपर पुलिस अधीक्षक आवास का घेराव कर कोतवाल को हटाने व निलंबन की कार्रवाई की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक ने सीओ सिटी को जांच सौंपते हुए कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजेई मोहल्ला निवासी डॉ. अमित शर्मा उर्फ शुभम शहर के शादीपुर नासिर पीर रोड स्थित श्री कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक हैं। साथ ही, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री भी हैं। अमित शर्मा का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में भाजपा नेता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वह एक पीड़िता की शिकायत लेकर सदर कोतवाली पहुंचे थे। वहां कोतवाल से बात कर रहे थे। इस दौरान कोतवाल ने उनके साथ गाली-गलौज व अभद्रता की। इतना ही नहीं, वायरल वीडियो में बीजेपी नेता ने यह भी बताया कि कोतवाल आपा खो बैठे और भाजपा नेता को पट्टे मार कर जेल भेज देने की धमकी दी। इससे क्षुब्ध भाजपा नेता शनिवार की देर रात नर्सिंग होम पहुंचे और 2 मिनट 27 सेकंड की वीडियो बनाई। वीडियो में अपनी व्यथा सुनाते हुए अपने साथ किसी अप्रिय घटना होने पर सदर कोतवाल तारकेश्वर राय को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद रात करीब 11 बजे फांसी के फंदे पर झूल गए। यह देख नर्सिंग होम में मौजूद स्टाफ आनन-फानन भाजपा नेता को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां नर्सिंग होम संचालक की हालात को नाजुक देखकर चिकित्सक ने कानपुर रेफर कर दिया।

सदर कोतवाल तारकेश्वर राय का कहना है कि, सारे आरोप निराधार हैं। भाजपा नेता अमित शर्मा सहित 5 लोगों के खिलाफ जून माह में एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी वह विवेचना कर रहे हैं। इसी मामले में अमित शर्मा मुकदमे में एफआर लगाने का दबाव बना रहे थे।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि भाजपा नेता पर एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी जांच की जा रही थी। मामला अदालत में है। भाजपा नेता के आरोपों की जांच सीओ सदर को दी गई है। जांच के उपरांत जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# सोनभद्र में बिजलीकर्मी ने नशे की हालत में खुद को जलाया, मौत

उत्तर प्रदेश, 22 सितंबर (हि.स.)। शक्तिनगर थाना क्षेत्र में एक बिजलीकर्मी ने नशे की हालत में अपने परिजनों से विवाद होने के बाद अपने शरीर पर थिनर डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार की रात में बांसी गांव निवासी 50वर्षीय बिजलीकर्मी अशोक गुप्ता नशे की हालत में घर पहुंचा। नशे की हालत में घर पहुंचते ही उसका परिजनों से विवाद हो गया। विवाद होने के बाद अशोक गुस्से में आ गया और अपना बिस्तर व कपड़ा लेकर घर के बाहर वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर आ गया। सड़क पर बिस्तर, कबंल आदि को थिनर से जलाकर उसी पर बैठ गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया। आग में जलते देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग को बुझाया। तबतक अशोक लगभग अस्सी प्रतिशत जल गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल गये जहां डाक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हूए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर वाराणसी के लिए निकले थे लेकिन बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर वापस आ गए। रविवार की सुबह जानकारी होने पर ग्राम प्रधान ने शक्तिनगर थाने पर सूचना दिया। सूचना पाकर मौक पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सबका साथ, सबका विकास सरकार की प्राथमिकता:असीम अरुण

## -अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम से जुड़े गजियाबाद के उद्यमी
## -बैंक, जिला उद्योग केंद्र, डिक्की, समाज कल्याण और अन्य संस्थाओं के लगे स्टाल

गाजियाबाद, 22 सितंबर (हि.स.)। बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को संविधान के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया है,जिससे समाज के सभी वर्गों को अवसर की समानता प्राप्त हो, डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति रोजगारपरक बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू किया है। ताकि समाज में आर्थिक विषमता न रहे। हम सब एक दूसरे की मदद कर आगे बढ़ने में योगदान दें। सरकार के समर्थन से रोजगार के लिए आर्थिक सहायता बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही है। अधिकारियों ने कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी जिले के युवाओं को प्रदान की।इस मौके पर सिडबी, बैंक, जिला उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को रोजगार व उद्यमिता



पर काम कर रही है।

ये बातें गुरुवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्रीअसीम अरुण ने रविवार को ह्यअमृत काल में सहभागिताह्ल कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त की जाए, इसकी जानकारी प्रदान करना है। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को उद्यमिता से जोड़ते हुए रोजगारपरक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में ह्यअमृत काल में सहभागिताह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

-विकास की राह में कोई पीछे न छूटे

कार्यक्रम में मअसीम अरुण ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। सरकार ने समाज के हर वर्ग को उद्यमिता से जोड़ते हुए

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीजेपी सरकार सभी क्षेत्रों में जा कर योजनाओं से संबंधित प्रस्तुतीकरण करती है, जिससे सभी को पता चल जाता है कि उनके लिए कौन कौन सी योजनाएं चल रहीं हैं और उनका लाभ कैसे लेना है। जबकि पिछली सारकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रहा है।

सांसद लोकसभा अतुल गर्ग ने कि युवाशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत के लिए गए संकल्प को सिद्ध करने में हम सबकी सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आप कुछ नया करना चाहते हैं तो बस आपका एक कदम बढ़ाने की देर है। यह आत्मविश्वास से भारत युवा शक्ति से भरपूर भारत है जो कभी रुकता नहीं ,जो कभी थकता नहीं।

-रोजगारपरक योजनाओं की दी जानकारी

समाज कल्याण विभाग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में ऐसे सफल उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया जिन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर खुद को स्वावलंबी बनाते हुए दूसरों को भी रोजगार प्रदान किया है।

इस मौके पर नागरिकों को उनके पसंद के रोजगार कार्यक्रम में पंजीकरण कर उद्यम संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने की जानकारी बैंकों द्वारा प्रदान की गई।

कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और विद्यार्थियों को मोबाइल भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम में बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, सुचेता सिंह, सीडीओ अभिनव गोपाल, संयुक्त निदेशक समाज कल्याण, मेरठ मंडल पीके त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजियाबाद अमरजीत सिंह सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा ने किया ।

# तत्परता से करें लोगों की समस्याओं का निस्तारण : सीएम योगी

## -तीन दिनों में कुल 900 लोगों की समस्याएं सुनी सीएम योगी ने, समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

गोरखपुर, 22 सितंबर (हि.स.)। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। रविवार को उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिया कि किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को थमाते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की



दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। लगातार तीन दिन हुए जनता दर्शन के आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल मिलाकर 900 लोगों की समस्याएं सुनीं।

रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाया गया था। योगी इन सभी लोगों तक

सबके साथ न्याय होगा।

लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण की हिदायत दी। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। मुख्यमंत्री योगी उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और न होने की जानकारी पर उन्हें आश्वस्त

प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने हर पात्र का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# झांसी : चलती कार में लगी आग, 2.70 लाख कैश जला

झांसी, 22 सितंबर (हि.स.)। चिरगांव थाना इलाके में शनिवार की देर रात को एक कार में आग लग गई। सराफा कारोबारी बेटे को लेकर कूद गया। आग का गोला बनी कार में रखे दो लाख 70 हजार रुपये कैश जलकर राख हो गया।

दतिया के भांडेर निवासी धर्मेंद्र सोनी ने बताया कि शनिवार देर रात 11 बजे के करीब पेमेंट देने वह झांसी जा रहा था। कार में उसका सात साल का बेटा भी था। जब वह चिरगांव बाईपास पर पहुंचा तो कार की साइड में चिंगारी संग धूंआ उठ रहा था। उसने झुककर देखा तो कार में आग लग चुकी थी। उसने ब्रेक लगाने की कोशिश की लेकिन लगी नही। कार 70 से 80 की स्पीड में थी। उसने तुरंत कार को बंद किया और बेटे को लेकर कूद गया। कार में आग को देखकर आसपास के लोग आ गये। पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। आग से पूरी कार जलकर राख हो गयी।

धर्मेंद्र सोनी ने बताया कि हादसे के बाद तुरंत पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी थी। करीब एक घंटे तक फायरबिग्रेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची थी। बाद में फायर बिग्रेड की गाड़ी आई और पानी डालकर आग पर काबू पाया। कार सहित दो लाख 70 हजार रुपये, दुकान के कागजात जलकर राख हो गये।

# शिव मंदिर के ऊपर बने कमरे में महिला ने लगाई फांसी, पति हिरासत में

गाजियाबाद, 22 सितंबर (हि.स.)। थाना टीलामोड़ थाना क्षेत्र स्थित शिव मंदिर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस मामले में मृतका के भाई ने उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

जिसमें दहेज के लिए बहन का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने रविवार को बताया कि थाना टीला मोड़ के अंतर्गत स्वामी नंदलाल हॉस्पिटल के पास आनंदेश्वर शिव मंदिर के ऊपर थर्ड फ्लोर पर एक कमरे में एक महिला द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला को फांसी से नीचे उतार कर देखा तो महिला की मौत हो चुकी थी।

उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल में आत्महत्या करने वाली महिला का नाम रेखा है । जो पिछले 10 माह से इस कमरे में अपने पति सुनील के साथ रह रही थी। घटना की सूचना महिला के परिजनों को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे महिला के भाई टिकेंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन रेखा की शादी सुनील के साथ 6 साल पहले हुई थी । तभी से सुनील उसकी बहन को मारता पीटता था और दहेज की मांग करता था । इसी से तंग आकर रेखा ने आत्महत्या की है।

पुलिस ने मृतका के पति सुनील को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# बलिया में सात साल की मासूम से दो नाबालिगों ने किया दुष्कर्म

बलिया, 22 सितंबर (हि.स.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात एक सात वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में दोनों आरोपित आठ साल की उम्र के हैं। घटना की जानकारी होते ही एसपी विक्रांत वीर ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद महिला अस्पताल में पीड़िता के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की। बच्ची को बीएचयू रेफर कर दिया गया है। वहीं, पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपितों को हिरासत में ले लिया है।

एसपी ने रविवार सुबह घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शहर के एक इलाके में सात-आठ साल की एक बच्ची रेलवे के नाले के पानी की तरफ बच्चों के साथ खेलते-खेलते चली गई थी। वहीं, खेल रहे दो बच्चों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी बच्ची के परिजनों को तब हुई, जब वह अपने घर पहुंची। उसके रक्तस्राव को देख परिजनों ने पूछा तो बच्ची ने पूरी आपबीती बताई। साथ ही उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया है। शनिवार रात को परिजनों ने लिखित शिकायत की। पुलिस ने दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद उन्हें बाल सुधार गृह भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

# सौ से अधिक किसानों को जानकारी देकर किया जागरूक

बरेली, 22 सितंबर (हि.स.)। भुता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने अपने एक वर्ष पूर्ण होने पर आम सभा कर स्थानीय किसानों को जागरूक किया। इसमें सौ से अधिक किसानों ने अपनी खेती से संबंधित तमाम जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम संचालक देवेंद्र गंगवार ने कृषकों को फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से प्राप्त सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए जुड़कर लाभ उठाने की अपील की।

देवेंद्र ने कहा कि बीते वर्ष फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का एक से 12 लाख का टर्नओवर हुआ है। इस वर्ष भुता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, किसानों को सस्ते दामों में बीज भी उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था में किसानों के सदस्य बनने पर सरकार उनको आर्थिक मदद मुहैया कराएगी। अभी तक 350 किसानों ने अपनी हिस्सेदारी की है।

कार्यक्रम में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से डायरेक्टर जितेंद्र कुमार, ओमपाल ने योजना से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर बल दिया। इसके अलावा बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस बीच कार्यक्रम में जिला गंगा समिति, बरेली के परियोजना अधिकारी नागेन्द्र कुमार निषाद (नमामि गंगे) स्वच्छता सेवा अभियान के अन्तर्गत किसानों को नदी के स्वास्थ्य व जलीय जीव तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अंत में स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी।

# दिनदहाड़े बदमाशों ने की तमंचा लगाकर नव दंपति के साथ लूट

औरैया, 22 सितंबर (हि. स.)। अछल्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड खंड के सर्विस रोड पर दिन दहाड़े नव दम्पति के साथ पल्सर सवार तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर की लूट कर बाइक की चाबी नाले में फेंकर भागे।

चौकी इटली में क्षेत्र रविवार की दोपहर में नव दम्पति मैनपुरी मायके से अछल्दा ससुराल आ रहे थे तभी बुंदेलखंड सर्विस रोड पर पीछे से पल्सर सवार तीन बदमाशों ने नव दम्पति के साथ तमंचा लगाकर लाखों रुपये की लूट कर भाग निकले पीड़ित ने 112 डायल करके सूचना दी। वहीं पूरे जिले की पुलिस अलर्ट हो गई।

कंट्रोल रूम की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने जांच शुरू की।

# आर्य समाज का अस्तित्व वेद पर आधारित : आचार्य सोमदेव शास्त्री

## -राजस्थान से पधारे आर्य जगत के उच्च कोटि के विद्वान आचार्य सोमदेव शास्त्री ने किया संबोधित

मुरादाबाद, 22 सितम्बर (हि.स.)। वेद प्रचार मंडल मुरादाबाद के 29 वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ रविवार को गुलजारीमल धर्मशाला में हुआ। दोपहर में राजस्थान से पधारे आर्य जगत के उच्च कोटि के विद्वान आचार्य सोमदेव शास्त्री ने अपना व्याख्यान देते हुए बताया कि आर्य समाज का उपदेश नहीं हैं, अपितु वेदों में इस जगत के रचयिता परमेश्वर के मनुष्यों की सर्वांगीण उन्नति करने तथा सहित उसे दुखों से सर्वदा मुक्त कर मोक्ष प्रदान करने




प्रातःकाल की बेला में सर्वप्रथम वैदिक वातावरण में वृहद यज्ञ किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा सोमदेव शास्त्री और भूपेंद्र शास्त्री रहे। यज्ञ के यजमान निर्मल आर्य, प्रीता आर्या, मदन पाल बिश्नोई, दिनेश बिश्नोई, शैलेंद्र, मनोरमा, मयंक गुप्ता और आशा देवी रहे।

अस्तित्व वेद पर आधारित है। वेद ईश्वरीय ज्ञान और सब सत्य विधाओं की पुस्तक है। वेद ज्ञान व विज्ञान से युक्त व उनके सर्वदा अनुकूल हैं।

वेद विद्या के ग्रंथ हैं।वेद में अन्य ग्रन्थों के समान कहानी,किस्से वह किसी आचार्य व मत प्रवर्तक के वाली शिक्षाएं व उपदेश हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.अभय श्रोत्रिय ने की तथा संचालन वेद प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरविंद आर्यबंधु सहगल ने किया।इसके पश्चात दिल्ली से पधारी अंतर्राष्ट्रीय गायिका बहन अमृता आर्या ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।

# गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के नाम से गाजियाबाद के बिल्डर से मांगी दो करोड़ की रंगदारी, पुर्तगाल से की गई कॉल

गाजियाबाद, 22 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के ट्रांस हिंडन इलाके में एक बिल्डर से व्हाट्स ऐप कॉल कर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बिल्डर को कॉल करने वाले शख्स ने खुद को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग का बताया है। इसके बाद पुलिस में भी



हड़कम्प मचा हुआ है। बिल्डर ने थाना शालीमार गार्डन में इस बाबत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसीपी सलोनी अग्रवाल ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के दयानंद पार्क में रहने वाले कारोबारी सुधीर मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर एक व्हाट्स ऐप कॉल आई। इसमें कॉल करने वाले ने पहले उनसे हाल चाल पूछा और उसके बाद लारेंस विश्नोई से बात करने को कहा। उसने कहा लो भाई से बात कर लो। सुधीर मलिक ने पूछा कौन, तो सामने से आवाज आई दो करोड़ रुपये का इंतजाम कर लो। इस पर सुधीर मलिक ने कहा कि वे इतने बड़े आदमी नहीं हैं। दो करोड़ रुपये कहां से देंगे। कॉल करने वाले ने कहा कि इस कॉल को हल्के में लेने की गलती मत करना। पैसे का इंतजाम करके तैयार रखो। होशियारी मत करना मिलकर चलने में फायदा रहेगा।

एसीपी अग्रवाल ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए साइबर एक्सपर्ट और सर्विलांस टीम जांच कर रही हैं। अभी तक की जांच में यह पता चला कि कॉल पुर्तगाल से आई थी। पुलिस का मानना है कि रंगदारी मांगने के लिए ने वर्चुअल मोबाइल सिम का इस्तेमाल किया होगा। पुलिस व्हाट्स ऐप से संपर्क कर कॉल का आईपी एड्रेस प्राप्त करने के प्रयास में जुटी है।

इस कॉल के बाद से ही बिल्डर का परिवार तनाव में है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्यवाही करने के साथ ही सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की है। पीड़ित ने कहा है कि उसका परिवार सदमे है। मोबाइल की घंटी बजते ही सब परेशान हो जाते हैं।

# बाबा नरायण दास मंदिर हेतमापुर जाने वाला पक्का मार्ग हुआ जर्जर

बाराबंकी, 22 सितंबर (हि.स.)। हेतमापुर सम्पर्क मार्ग बहुत खराब हो गया है। इस मार्ग से निकलना कठिन हो रहा है। इस समय नदी की कटान के चलते तमाम अफसरों का भी इसी मार्ग से आना जाना होता है। वाहन हिचकोले खाते हुए निकलते हैं। इसके चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

हेतमापुर से लालपुर होकर आया रास्ता पुलिस चौकी सूरतगंज के पास रामनगर - फतेहपुर मार्ग में मिलता है, जंहा से यात्री रामनगर, बाराबंकी, लखनऊ और सीतापुर की ओर जाते हैं। यह मार्ग बहुत खराब हो गया है। बरसात से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। लालपुर करौता के आगे तो स्थिति बहुत खराब है। जब वाहन निकलते हैं तो हिचकोले खाते हुए निकलना पड़ता है।

ग्रामीण राजेश कुमार, शिव शंकर, मनोज, शंकर, राम कुमार, विनय कुमार आदि का कहना है कि जब तक इस मार्ग के चौड़ीकरण की मंजूरी न मिले, इसे चलने लायक न बना दिया जाए, बहुत परेशानी होगी। कम से कम गड्ढे भरवाकर पैच ही बनवा दिए जाएं। आवगमन तो होता रहे। इस महत्ववपूर्ण मार्ग को सही कराने के लिए विभाग पिछले वर्ष से लगा है मगर अभी सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए पूर्व विधायक शरद अवस्थी मुख्यमंत्री को पत्र सौप चुके हैं।

हेतमापुर में बाबा नारायण दास का प्रसिद्ध मंदिर है, जंहा हजारों की संख्या मे भक्त हर रविवार जाते हैं। तराई का यह अकेला महत्व पूर्ण मार्ग है, जिससे सैकड़ो गाँवों का आवागमन जुड़ा है इसीलिए इसके चौड़ीकरण की बहुत ही जरूरत है। अभी यह तीन मीटर का है। जब सात मीटर बन जाएगा तो बड़ी सुविधा लोगों को मिलेगी। करौता चौराहे पर नाला बना है। अनुपयोगी होने से चौराहे पर जलभराव भी होता है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में तीन बच्चे चयनित

बाराबंकी, 22 सितंबर (हि.स.)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत जिले के सभी ब्लॉकों में जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शुरू हो गयी है।

इस क्रम में रामनगर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय, त्रिलोकपुर में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें तीन बच्चे दिव्यांशु, राधा, शिवांसु शर्मा ब्लाक स्तर पर चयनित हुए।

ब्लॉक स्तर पर प्रतिभा दिखाने वाले मेधावियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वहां बेहतर प्रदर्शन करने पर उन्हें राज्य स्तर तक प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना है।

पहले प्रत्येक उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय में विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रत्येक परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों का प्रधानाध्यापक चयन कर सूची ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे।

प्रधानाध्यापक फूल चंद्र वर्मा ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ में एक-एक बच्चा चयनित हुआ है। ब्लॉक रामनगर में 28 सितंबर को प्रतियोगिता होगी, जिसमें करीब सौ बच्चों का चयन हो रहा है।

मेरी आशा है, हमारे बच्चे जिला टॉप करेंगे।

# विश्वविद्यालय की प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग की जरूरत: राज्यपाल

जौनपुर,22 सितंबर (हि.स.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर मेधावियों को 96 स्वर्ण पदक प्रदान किए। स्वर्ण पदक पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय में प्रतिभा की कमी नहीं, बस इन्हें प्रेरणा देकर सकारात्मक दिशा में इनकी ऊर्जा का उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के बाद भी नैक मूल्यांकन से विश्वविद्यालय घबराते थे लेकिन राजभवन ने इसे जरूरी किया और सहयोग और ट्रेनिंग देकर उनके संसाधनों को सिस्टमैटिक रूप से बनाकर ए डबल प्लस की श्रेणी में पहुंचाया। प्रदेश के सात और एक कृषि विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की श्रेणी में हैं। कहने का तात्पर्य है कि मानव में संकल्प शक्ति का होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन के कई फायदे हैं। ए डबल प्लस पाने वाले विश्वविद्यालयों को 100 करोड़ रुपये बाकी विश्वविद्यालय को 20 करोड़ की धनराशि दी गई है। उन्होंने कहा कि नैक प्रेक्टिस से विश्वविद्यालय के ढांचे में बेहतर परिवर्तन आया है। अब राजभवन का जोर एनआईआरएफ पर है। इस मूल्यांकन और रेटिंग से विश्वविद्यालय में विदेशी छात्र और मेधावी छात्र आएंगे और यहां के विद्यार्थियों का विदेश जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य आपके सामर्थ्य से बढ़ेगा। हर चुनौती एक नए अवसर लेकर आती है। गुजरात का कच्छ इसका उदाहरण है। सरकार के सतत प्रयास से आज गुजरात की स्थिति बदल गई है। वहां विदेशी कंपनियां निवेश कर रही हैं। उनका मानना है कि आज का युग तकनीक का युग है। इसका उपयोग जन कल्याण के हित में होना चाहिए। विनाश के लिए नहीं, दुनिया में जो कुछ अच्छी और नई चीज हो रही है उससे हमें जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने वन नेशनल वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक बचत होगी। केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब हमारी तैयारी अंतरिक्ष पर है। अंतरिक्ष के पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय में शामिल करना चाहिए। एमओयू साइन होने पर उन्होंने कहा कि दोनों के बीच गतिविधियां भी अच्छी हों, तभी इसका मतलब है। उन्होंने पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खेलकूद की तारीफ करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं इससे और भी अच्छा करने के लिए और अधिक से अधिक गोल्ड मेडल लाने के लिए और भी अच्छे कोच की जरूरत है। उन्होंने आंगनबाड़ी को संसाधनयुक्त करने की योजना पर जोर दिया। कहा कि इससे वहां पढ़ने वाले गरीब छात्रों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी से लेकर विश्वविद्यालय तक एक सेतु बनाकर काम करें ताकि शिक्षा का विकास सकारात्मक दिशा में हो सके।

विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि स्वर्ण पदक पाने वालों में जुनून होता है लेकिन उसके पीछे अभिभावक और गुरु के समर्पण को भी नहीं भूलना चाहिए। शिक्षण संस्थान जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान हमारे शास्त्रों में पहले से ही था जिसका उदाहरण पीपल में ऑक्सीजन की खोज थी। ऋषि अनुसंधान कर मुनि को देते थे और वह समाज में बांटता था। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाणक्य और विवेकानंद के विचार आज भी समसामयिक है शिक्षक और विद्यार्थियों को उनसे सीख लेनी चाहिए जिन्होंने बहुत ही पहले राष्ट्र को सर्वोपरि माना था।

प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा कि डिग्री और उपाधि लेने के बाद आपका बोझ और बढ़ गया है आपके ऊपर समाज और राष्ट्र का उत्तरदायित्व है इसे पूरा कर आप भारत को विश्व गुरु बनाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए संघर्ष जरूरी है जितना बड़ा लक्ष्य होगा उतनी बड़ी चुनौती सामने होगी। हमें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कुलाधिपति जी के सक्षम एवं प्रेरणादायी निर्देशन में उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन और सुधारों को जन्म दिया है। आपकी गरिमामय उपस्थिति से हम सब आह्लादित एवं स्पन्दित हैं। आपके प्रेरक शब्द और मार्गदर्शन हमारे विद्यार्थियों के लिये बहुत महत्वपूर्ण होंगे और हमें यह विश्वास है कि वे इससे प्रेरित होकर अपने जीवन में उच्चतम स्तर को प्राप्त करेंगे। आज मैं, सभी उपाधि तथा स्वर्णपदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देती हूँ जिन्होंने अपने अनवरत परिश्रम के बल पर ज्ञान अर्जन कर जीवन का एक अहम पड़ाव पार किया है। कुलाधिपति के कुशल दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय को नैक ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ, जो हमारी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को प्रमाणित करता है। अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीय टीम स्पर्धा प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने कुल 52 पदक प्राप्त किये।

दीक्षांत समारोह की शुरूआत में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। शोभायात्रा में अतिथियों के साथ कार्य परिषद् एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया।




# हिन्दी को शाश्वत जीवनशैली के रूप में अपनाया जाना चाहिए—डॉ० रत्न

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ। सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत काव्य गोष्ठी एवं विमर्श कार्यक्रम का आयोजन शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि हिन्दी विश्व की सर्वाधिक समृद्ध भाषा है।इसे शाश्वत जीवनशैली के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने कहा कि हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अमित शुक्ला ने कहा कि हिन्दी हर हिन्दुस्तानी के माथे की गौरवशाली बिंदी है।इसके प्रयोग पर गवार्नुभूति करें।

विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार आर्य ने कहा कि हिन्दी हिन्दुस्तान की पहचान और शान है।

कार्यक्रम में प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम,अमरनाथ गुप्ता बेजोड़,कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री,अनिल कुमार निलय, राजेश हर्षपुरी,मनप्रीत कौर,सत्येन्द्र कुमार शुक्ला,अजीत ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में हिन्दी को राजभाषा से राष्ट्रीय भाषा बनाने की पुरजोर मांग करते हुए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।




## जेएनसीयू के दीक्षांत समारोह में आधी आबादी का रहेगा दबदबा, 43 में से 35 गोल्ड मेडल पर बेटियों का कब्जा

बलिया, 22 सितंबर (हि.स.)।

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में पढ़ने वालों में आधी आबादी का दबदबा है। 24 सितम्बर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होने जा रहे दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल पाने वालों में से 81 प्रतिशत बेटियों को दिए जाएंगे।

विवि के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्त ने रविवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि छठवां दीक्षांत समारोह खास होगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने के लिए 24 सितम्बर को सुबह दस बजे आएंगी। विवि के कुल 23344 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति के हाथों उपाधि मिलेगी। कुल उपाधि प्राप्त करने वालों में से स्नातक के 19448 व स्नातकोत्तर के 3894 मेधावी होंगे। इसमें 13890 छात्राएं और 9452 छात्र होंगे। इस बार 43 स्वर्ण दिए जाएंगे। इसमें ओवरऑल टॉपर यानी कुलाधिपति गोल्ड मेडल एमएससी जूलॉजी की छात्रा आयुषी सिंह को दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गोल्ड पाने वालों में से 35 छात्राएं हैं। यानी 81 प्रतिशत छात्राएं हैं। इस वर्ष पीएचडी की भी उपाधि दी जाएगी। यह पहली बार होगा कि इस बार दो शोधार्थियों को भी पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। श्री गुप्ता ने कहा कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डा. राम चेत चौधरी होंगे। जिन्होंने धान की 100 नई किस्में ईजाद की हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी उपस्थित रहेंगी। इसके साथ ही कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल विवि द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों व आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकत्रियों को किट भी वितरित करेंगी।

# सामाजिक समरसता यात्रा निकालेगी विश्व हिन्दू परिषद

## दलित युवाओं को हुनरमंद बनायेगी विहिप

अयोध्या,22 सितम्बर (हि.स.)। छुआछूत शास्त्र आधारित नहीं है। हम सब हिन्दू आपस में भाई–भाई हैं। समरस समाज समर्थ भारत ऐसा संदेश लेकर जनवरी माह में विश्व हिन्दू परिषद सामाजिक समरसता अभियान की ओर से सामाजिक समरसता यात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान सेवा बस्तियों में समरसता संगोष्ठी,समरसता महायज्ञ व संतों की पदयात्राएं होंगी। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री व सामाजिक समरसता अभियान के अखिल भारतीय प्रमुख देवजी भाई रावत ने दी।

देवजी भाई रावत ने बताया कि समरसता यात्रा के दौरान अस्पृश्यता मुक्त भारत व समरसता युक्त भारत बनाने के लिए गांवों में आम जनता से संकल्प कराया जायेगा। प्रत्येक जिले में बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए ट्रेनिंग सेन्टर प्रारम्भ कर दलित युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जायेगा।

आने वाले समय में अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रावासों में पढ़ने वाले बच्चों से सम्पर्क व सहयोग की योजना बनाई गयी है। इसके अलावा प्रत्येक जिले में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता सेवा बस्ती के एक–एक परिवार को गोद लेकर हिन्दू परिवार मित्र बनायेंगे।

सामाजिक समरसता अभियान के सह प्रान्त प्रमुख धर्मेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि अवध प्रान्त में 01 जनवरी से 07 जनवरी तक समरसता यात्री निकाली जायेगी। धर्मेन्द्र ने बताया कि सामाजिक विषमता व छुआछूत के कलंक को मिटाने के लिए अवध प्रान्त के सभी जिलों में 10–12 विविध स्तर पर विविध समाज के लोगों की समरसता टोली का गठन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यास वर्ग में अवध प्रान्त के 25 जिलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आगामी वाल्मीकि जयंती, राम खिचड़ी सहभोज व समरसता यात्रा के माध्यम से समाज में जन जागरण करने की योजना बनाई गयी।

दो दिवसीयअभ्यास वर्ग को विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय,श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल जी, संत निराला दास महाराज, समरसता अभियान अवध व गोरक्ष के प्रमुख मुकेश ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रान्त प्रमुख गोविन्द शाह,प्रान्त सह प्रमुख राज कुमार सोनी,भगवती सिंह,अमरेन्द्र व पारसनाथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होगे प्रमोद तिवारी

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़ः राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास के विधान सभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह अपरान्ह दो बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। उसके बाद सस्कृत विद्वान हरिहर पाल तिवारी की स्मृति में राजातार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगे। वही राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी अपरान्ह ढाई बजे लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात व जनसमस्याओं की सुनवाई करेगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने दी है।

# मवेशी बचाने में विद्युत पोल से टकराई बाइक,युवक की मौत

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़ः मवेशी को बचाने में अनियंत्रित बाइक के विद्युत पोल के टक्करा जाने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा। अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगी गांव निवासी 19 वर्षीय शिव कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र शनिवार की रात करीब दस बजे सांगीपुर बाजार से घर जा रहा था। रास्ते में शाहबरी गांव के पास अचानक सड़क पर मौजूद मवेशी को बचाने में बाइक अनियत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टक्करा गई। जिसे युवक गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़ा रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले आई। यहॉ चिकित्सकों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई । पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।

# हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा : राष्ट्रीय पुजारी परिषद

मुरादाबाद, 22 सितम्बर (हि.स.)। राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक रविवार को मंडी चौक मोहल्ला साहू स्थित माता अन्नपूर्णा जी मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट मामले में गहरा रोष व्यक्त किया। सभी ने एक सुर में कहा कि हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।

बैठक में राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि बीते दिनों मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया है कि पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने के लिए पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया है। जो वास्तव में बहुत ही दंडनीय अपराध है। ऐसा लगता है कि हिंदुओं की आस्था के खिलाफ कोई बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है।

देवताओं के भोग प्रसाद में पशु की चर्बी का प्रयोग किया जाना गलत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुजारी परिषद मांग करती है कि इस पूरे मामले भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) जांच के अलावा केंद्र सरकार घटना की सीबीआई जांच भी करवाए।

बैठक की अध्यक्षता पंडित सतीश खंडूरी की संचालन पंडित अंकित तिवारी ने किया।



इस मौके पर आचार्य पंडित विनीत शर्मा, पंडित विनोद शर्मा, पुजारी महेंद्र, पंडित सतीश चंद्र शर्मा, पंडित दीपक तिवारी, पंडित कार्तिक शर्मा, पंडित हरे कृष्णा दूबे, पंडित सतीश त्रिपाठी, पंडित संजय शर्मा, पंडित रमेश चंद शर्मा, पंडित नरेंद्र त्रिपाठी, पंडित मनमोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गौ तस्करों पर कहर बन कर टूटी पुलिस

बरेली, 22 सितंबर (हि.स.) । बरेली जिले की थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने शनिवार देर रात तीन गौ तस्करों को मुठभेड़ करते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गौ तस्करों के पास से तमंचे, कारतूस , गौकशी करने के उपकरण तथा एक ऑटो बरामद हुआ। गिरफ्तार मुल्जिमों पर जनपद तथा गैर जनपद में कई गौकशी सहित अन्य आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस को सूचना मिली कि द्वारकेश चीनी मिल पास पीछे बंद पड़े ढाबे के पीछे कुछ गौतस्कर गौकशी करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने वहां पर जाकर देखा तो कुछ लोग गौकशी करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा तो गौकशों ने पुलिस पर गोली चला दी। इस दौरान एक कांस्टेबल इजहार घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो गौतस्कर घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने दो घायल गौतस्करों सहित तीन गौतस्करों को गिरफ्तार कर लिया ।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार मुल्जिमों ने अपना नाम गुल, आलम तथा अशफाक बताया। इस मुठभेड़ में गुल खां और आलम के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार मुल्जिमों ने बताया कि बीती 17 सितंबर की रात में हम चार लोगों ने द्वारकेश मिल के पास दो गोवंशीय पशुओं को काटा था। उसी दिन उनके साथ उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के किच्छा का रहने वाला गुड्डू भी साथ था। उस दिन काटे गए गौवंशीय पशुओं के मीट को उन्होंने छोटू के हाथ 21 हजार रुपये में बेचा था और उसके पैसे बराबर बराबर बांट दिए थे।



पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो तमंचे 315 बोर 4 कारतूस गौकशी करने के उपकरण और एक ऑटो बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि वे लोग आवारा छुट्टा पशुओं जैसे गाय, बछड़ों को पकड़ कर उन्हें एकांत में ले जाकर काट देते हैं। इसका मीट ऑटो से ले जाकर बारादरी थाना क्षेत्र के चक नवाब साहब की कोठी के पास रहने वाले छोटू को बेंच देते थे। उसकी जगतपुर में मीट की दुकान है।

पुलिस मुकदमें में वांछित छोटू और गुड्डू को भी तलाश कर रही है।

गिरफ्तार मुल्जिमों आरिफ पर गोकशी सहित अन्य धाराओं के जनपद तथा गैर जनपद में 17 मुकदमें दर्ज है तथा आलम पर भी 13 गौकशी सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। अशफाक पर भी गौकशी तथा अन्य अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस वांछित मुल्जिम छोटू और गुड्डू को तलाश कर रही है।

# माननीय जिला जज, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर तथा जिला कारागार का निरीक्षण किया।

## *जिला कारागार के कौशल विकास केन्द्र, बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय आदि का जायजा लिया।

*मथुरा 21 सितंबर।* माननीय जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 अरविंद कुमार द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर तथा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में बच्चों से समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को कंप्यूटर सीखने के लिए प्रेरित किया तथा बेसिक कंप्यूटर के ज्ञान को प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक नगर ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से वार्ता की तथा सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर रूम आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक को निर्देश दिए कि सभी बच्चों के लिए अखबार मंगवाया जाए और उन्हें पढ़ने के लिए दिया जाए।

माननीय जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 अरविंद कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए बंदियों की संख्या के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने रसोई घर / पाकशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एक बड़ी मशीन द्वारा रोटियां बनती मिलीं। रसोई घर में साफ-सफाई से भी अधिकारी संतुष्ट नजर आए। जिलाधिकारी ने बंदियों हेतु बनाई गई दाल एवं सब्जी का अवलोकन किया। इसके बाद जेल चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सभी बंदी मरीजों से अलग अलग बातचीत भी की गई और उनसे स्वास्थ्य व इलाज के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात महिला बंदी बैरक का निरीक्षण किया गया। महिला बंदियों द्वारा खाने-पीने, रहने अथवा अन्य कोई समस्या होना नहीं बताया गया। बैरकों व जेल परिसर में साफ-सफाई अच्छी पाई गई। महिला बंदी बैरक के निरीक्षण के दौरान उपस्थित 1 बच्चे को चॉकलेट, बिस्कुट, फ्रूटी, चिप्स, फ्रूट्स, जूस आदि का वितरण कर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

